


**CLASS: III**
**DATE :**
**SESSION NO : 7**
**SUBJECT : (HINDI)**
**CHAPTER NAME&NO–पाठ-८(सबसे अच्छा कौन?)**
**SUB –TOPIC-प्रस्तावना,आदर्श पठन**


# ☺️☺️सीखने का उद्देश्य☺️☺️

बच्चों में पठन कौशल का अधिक से अधिक विकास हो पाना।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow



# पुनरावृति कार्य



# प्रस्तावना



# सबसे अच्छा कौन?

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow



# शिक्षिका द्वारा पाठ पठन

ODM EDUCATIONAL GROUP
*Changing your Tomorrow*



## कहानी का पहला भाग-:

**चिंतन- मनन:: सबसे अच्छा क्या है या कौन है?इस पर सबकी अपनी-अपनी पसंद होती है,वह उसके लिए अच्छा है। वास्तव में जो सबके लिए अच्छा हो,उसे आप भी अच्छा मानिए।**

एक दिन शहंशाह अकबर अपने चाँदनी महल में बैठे हुए थे। उनके साथ उनके नवरत्न (मुख्य राजदरबारी भी बैठे हुए थे।अपने नवरत्नों से तरह-तरह के प्रश्न पूछते रहते थे इस तरह पूछ कर वे उनके ज्ञान की परीक्षा लेते थे। एक दिन अकबर ने अपने नवरत्नों से पूछा- कौन सा फूल सबसे अच्छा होता है? दूध किसका सबसे अच्छा होता है? मिठास किसकी सबसे अच्छी होती है? पत्ता कौन सा सबसे अच्छा होता है? तथा सबसे अच्छा राजा कौन सा है?

☺️कहानी का दूसरा भाग☺️

सबकी अपनी अपनी पसंद होती है इसलिए सभी नवरत्नों ने अलग-अलग उत्तर दिए। एक ने कहा गुलाब का फूल सबसे अच्छा होता है तो दूसरे ने बताया कमल का। किसी को गाय का दूध अच्छा लगता है तो किसी को बकरी का कुछ गन्ने की मिठास को सबसे अच्छा कहते हैं तो कुछ शहद को सबसे मीठा समझते। किसी ने केले के पत्ते को अच्छा कहा तो किसी ने नीम के पत्तों को। अच्छे राजा के बारे में भी सब की राय अलग-अलग थी। जो राजा की चापलूसी करने वाले थे, उन्होंने तो शहंशाह अकबर को ही सबसे अच्छा राजा बता दिया। अकबर को सभी के उत्तर अच्छे लगे लेकिन बीरबल चुप थे। अकबर ने उनसे भी उत्तर देने के लिए कहा कुछ देर तक बीरबल सोचते रहे, फिर बोले आलमपनाह कपास का फुल सबसे बढ़िया होता है उसी से हम सबको शरीर ढकने के लिए कपड़ा मिलता है।माँ का दूध सबसे अच्छा होता है क्योंकि उसे पीकर बच्चा शक्तिशाली बनता है।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

😊कहानी का अंतिम भाग😊

मिठास जवान की अच्छी होती है क्योंकि इसके बल पर व्यक्ति बड़े से बड़े शत्रु को भी अपने वश में कर लेता है। पत्तों में पान का पत्ता सबसे बढ़िया होता है। उसे दुश्मन को खिलाएँ तो वह भी मित्र बन जाता है। पान का बीड़ा उठाने पर हर आदमी ईमानदारी से अपना वचन निभाता है। राजाओं में सबसे अच्छे राजा इंद्र हैं। इंद्र की कृपा से ही आकाश में से वर्षा रूपी अमृत बरसता है। बीरबल का उत्तर सुनकर अकबर बहुत प्रसन्न हुए। सभी नवरत्नों ने भी बीरबल की बहुत प्रशंसा की।

☺️गृह कार्य☺️

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

शब्द - ज्ञान-संकेत की सहायता से शब्द पहेली पूरी कीजिए-पृष्ठ संख्या ११३

# अध्ययन के परिणाम

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

बच्चों में पठन कौशल का अधिक से अधिक विकास हो पाया।

EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP